प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0-06/नव0-2024-25/ लखनऊः दिनांकः-

विषयः परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली विषम सेमेस्टर परीक्षा (प्रथम, तृतीय, पंचम)/विशेष बैक पेपर, परीक्षा दिसम्बर-2024 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म, परीक्षा आवेदनपत्र ऑनलाइन भराये जाने एवं पंजीकरण के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय पत्र संख्या प्राशिप/अनु0- 06/ नव0- 2024-25/8349, दिनांक 23.11.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर-2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भराये जाने हेतु दिनांक 25/11/2024 से 30/11/2024 के मध्य पोर्टल खोला गया था, किन्तु अंतिम तिथि के उपरान्त कतिपय संस्थाओं द्वारा प्रेषित पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया कि संस्था में अध्ययनरत पात्र छात्र/छात्रायें परीक्षा आवेदन फार्म भरने एवं पंजीकरण करने से वंचित रह गये हैं। यह बहुत ही अन्यथा की स्थिति है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में परिषद द्वारा समयक विचारोपरान्त छात्रहित में दिनांक 05/12/2024 की सांय 05:00 बजे तक अनन्तिम रूप से परीक्षा आवेदन पत्र भराये जाने एवं इन्रोलमेन्ट/पंजीकरण करने हेतु पोर्टल खोला जा रहा है। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी दशा में परीक्षा फार्म भरने एवं पंजीकरण करने हेतु कार्यालय द्वारा पोर्टल नहीं खोला जायेगा।

अवगत कराना है कि परीक्षा फार्म, आवेदन पत्र भराये जाने के उपरान्त दिनांक 06/12/2024 से 08/12/2024 तक परीक्षा आवेदन शुल्क के चालान का विवरण संस्था लॉगिन पर भराये जाने तथा चालान की स्कैन कॉपी पीडीएफ फार्मेट में अपलोड किये जाने हेतु पोर्टल खोला जायेगा। चालान की स्कैन कॉपी और चालान का विवरण संस्था लॉगिन के माध्यम से भरने/अपलोड करने के उपरान्त ही आपकी संस्था के छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र अन्तिम रूप से समबिट माने जायेगें अन्यथा की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र समबिट नहीं माने जायेगें।

निर्देशित किया जाता है कि भरे गये परीक्षा आवेदन के आधार पर परीक्षा शुल्क एवं बैक पेपर परीक्षा शुल्क की गणना करके तत्काल ट्रेजरी चालान बनवाते हुए निर्धारित तिथि के अन्दर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। दिनांक 10/12/2024 को संस्था लॉगिन पर नामावली उपलब्ध करा दी जायेगी, किन्तु उन्हीं संस्थाओं की नामावली उपलब्ध होगी जिनके निर्धारित धनराशि के ट्रेजरी चालान अपलोड होगें। यह भी अवगत कराया जाना है कि परिषद द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुसार भरे गये आवेदनपत्रों को परिषद स्तर पर किसी भी दशा में हटाया नहीं जायेगा।

अतः प्राथमिकता के आधार पर परीक्षा आवेदन फार्म भराते हुए उपरोक्त समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लिया जाये कि कोई भी छात्र परीक्षा फार्म भरने से वंचित न रहने पायें। यदि कोई छात्र/छात्रा परीक्षा फार्म भराये जाने से वंचित रह जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था के प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0-06/नव0-2024-25/866 तद्दिनांकः- 04.12.2024

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0, कानपुर।

exam form dec-2024

Scanned with OKEN Scanner

2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र, दौराला, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के संस्था प्रधानाचार्य को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner